सार-समाचार

बारिश में फसलें चौपट

निवाई। गुरूवार को लगातार 2 घंटे हुई भारी बारिश व तेज हवा से ठाामीण क्षेत्र में किसानों की फसले चोपट हो गई। किसान दशरथ सिंह पलेई ने बताया कि गुरूवार को हुई बारिश व तेज हवा से बाजरा, मूंग, उड़द व तिल की कटी हुई फसले चोपट हो गई। बारिश से खेतों में लगालब पानी भर गया और कटी हुई फसले पूरी तरह पानी में डूबकर नष्ट हो गई है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। वार्ड पंच बाबूलाल मीणा, मोहनलाल चौधरी, कमलेश चौधरी, मुकेश बैरवा, राजेश, सूरज व विमल सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से अति शीघ्र फसल का सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

सिंधी कॉलोनी में बाइक चोरी

निवाई। सिंधी कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीडित दिलीप डासवाणी पुत्र नरेन्द्र कुमार डासवाणी ने बताया कि गुरुवार की सुबह मंदिर जाने के लिए गैरेज में से बाइक को निकालकर घर बाहर खड़ी करके किसी जरूरी काम के लिए वापस घर के अन्दर चला गया। 15 मिनट के बाद घर से बाहर आया तो बाइक गायब मिली। जिसकी आस-पास के सीसीटीवी फुटेज देखे तो फुटेज में दो युवक बाइक को ले जाते नजर आए। पुलिस को बाइक चोरी की लिखित में शिकायत देकर सीसीटीवी फुटेज सौंप दी है

आधुनिक खेती से बदलेगी किसानों की किस्मत

खैरथल। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने गुरुवार को जिला मुख्यालय नजदीक के बल्लभ ठााम में स्थित प्रगतिशील कृषक ओमप्रकाश के पॉलीहाउस का निरीक्षण किया और वहां संचालित हो रही उन्नत कृषि गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने पॉलीहाउस में उगाई जा रही फसल, उसके उत्पादन, वार्षिक आय और इससे होने वाले मुनाफे के बारे में कृषक से विस्तार से जानकारी ली। कृषक ओमप्रकाश ने बताया कि उन्होंने 2016 वर्गमीटर क्षेत्रफल में इस पॉलीहाउस का निर्माण किया है।

''जन सेवा ही प्रभु सेवा'' के संकल्प के साथ पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया

भरतपुर (निसं)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता को जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा की 17 सितंबर को हम सब के प्रेरणा स्त्रोत विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता का जन्मदिन बडे ही धूमधाम से मनाया। सभी भाजपा कार्यकर्ता उनके जन्मदिन को सेवा पखवाडा के रूप में मानते आए हैं क्योंकि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण ही मोदी के शासन का मूल मंत्र है सेवा ही हम सब का संकल्प है लेकिन इस बार सुखद संयोग यह बन रहा है कि 7 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री जन सेवा में एक संवैधानिक प्रमुख के रूप में अपने 25 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं इसलिए इस बार भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे माह का सेवा संकल्प अभियान चलाएगी जिसका मंत्र है जन सेवा ही प्रभु सेवा। एक माह तक चलने वाले इस महा अभियान के दौरान हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है इस महाअभियान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर को शाम 7:00 बजे प्रत्येक बूथ पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रहेगा हर एक दिया प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष की जन सेवा के प्रति आभार तथा विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक होगा। इसके बाद सरकारी एवं निजी स्कूलों में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकारी और भाषण प्रतियोगिताएं कराई जाएगी तथा विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।नमो सेवा के तहत गांव-गांव नुक्कड़ नाटक आयोजित होंगे ऑगन मिलन सेवा के तहत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं और आशा दीदियो का सम्मान किया जाएगा तथा बच्चों को पोषण स्वास्थ्य एवं महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सेवा की कहानी के तहत हर शक्ति केंद्र से 10 लाभार्थियों की 1 मिनट की रील बनाकर सोशल मीडिया पर साझा की जाएगी। सेवा ज्योति कलश यात्रा विभिन्न गांवों को जोडते हुए निकली जाएगी जिसका उद्देश्य विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए जन-जन को एकजुट करना है। सेवा मेरा योगदान के तहत हर विधानसभा में सेवा कार्य किए जाएंगे सेवा सेतु अभियान के तहत प्रत्येक मंडल पर एक शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें एक ही स्थान पर नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज के तहत युवाओं, विद्यार्थियों स्टार्टअप, प्रोफेशनल्स और कॉर्पोरेट इनोवेटर को जोड़ने के लिए कार्यक्रम किया जाएगा। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गोयल , डॉ. वीरेंद्र पचौरी, अनुराग तमरौली उपस्थित रहे।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को लेकर भाजपा ने की प्रेस वार्ता

भरतपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया।

स्थाई वारंटी पकड़ा

कोटपूतली। विशेष अभियान के तहत निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने हत्या के मामले में पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया हैं।

जूली की मौजूदगी में भर्तृहरि मेले का शुभारंभ

अलवर। लोकदेवता महाराज भर्तृहरि के पावन मेले का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। अलवर ग्रामीण विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रिबन काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी गीता जूली भी उनके साथ मौजूद रहीं। दोनों ने बाबा भर्तृहरि के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि त्याग की पावन तपोभूमि बाबा भर्तृहरि की धरती पर मेले का शुभारंभ करने का सौभाग्य मिलना उनके लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि बाबा भर्तृहरि के प्रति देशभर के लोगों की गहरी आस्था है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर बाबा के दर्शन करते हैं और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते हैं। जूली ने कहा कि अरावली की सुरम्य पहाड़ियों के बीच स्थित बाबा भर्तृहरि का मंदिर धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य के कारण भी अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। मेले के शुभारंभ के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी पूरी तरह धार्मिक रंग में नजर आए। बाबा भर्तृहरि के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद अरावली की पहाड़ियों के बीच बने मंदिर परिसर में धार्मिक गीतों पर उन्होंने उत्साह के साथ नृत्य भी किया। इस दौरान श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

विकसित भारत-जन सेवा अभियान का प्रारम्भ

टोंक। जिले में 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान की शुरुआत गुरुवार को रक्तदान शिविर एवं आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से हुई। जिले के 7 ब्लॉकों में तय स्थानों पर दीप प्रज्वलन किया गया, साथ ही रक्तदान शिविर आयोजित हुए। इस अभियान में मेरे सपनों का भारत-चित्रसेवा के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक स्कूलों में चित्रकला, भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं होंगी। सरकारी योजनाओं से लाभान्वित परिवारों की वीडियो और फोटो कहानियां भी तैयार की जाएंगी, जिन्हे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जाएगा। इसी क्रम में 18 सितंबर से 25 सितंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत समिति मुख्यालयों पर 'सेवा सेतु अभियान' के शिविर लगेंगे। शहरी क्षेत्रों में 22 सितंबर से 17 अक्टूबर तक नगरीय निकायों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जोड़ने के साथ आवेदन और शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। इस अभियान के तहत केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी), देवली में गुरुवार को स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने तथा रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त रक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय अस्पताल देवली, स्थानीय प्रशासन एवं सीआईएसएफ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर आरटीसी देवली के उप महानिरीक्षक नरेंद्र देव आनंद, जिला कलेक्टर टीना डाबी, टोंक, उपखंड अधिकारी देवली रूबी अंसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शैलेन्द्र सिंह चौधरी, संस्थान के अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे। रक्तदान कार्यक्रम के बाद पौधारोपण किया गया, शिविर के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान के महत्व को बताया गया। इस शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि रक्तदान मानव जीवन बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

देवली में 10 निर्दलीय सदस्यों पर भाजपा-कांग्रेस की नजर टिकी

देवली। राजस्थान में 14 सितंबर को निकाय चुनाव के परिणाम घोषित हुए इन्हीं के साथ देवली शहर की नगर पालिका के चुनाव के परिणाम भी सामने आये है। लेकिन देवली नगर पालिका के चुनाव परिणाम में यहां किसी भी बड़े दलों को 18 सदस्यों का स्पष्ट बहुमत नहीं मिल सका। ऐसे मे भाजपा और कांग्रेस जैसे दोनों ही बड़े दल बहुमत के स्पष्ट आंकड़े को छू नहीं पाए। हालांकि भाजपा 18 सदस्यों के स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से मात्र एक मत पीछे रह गई है। इस चुनाव में भाजपा के 17 प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है। इस चुनाव में मजे वाली बात तो देखने को यह रही की 35 वार्ड की नगर पालिका के चुनाव में 10 निर्दलीय प्रत्याशी जीतकर सामने आ गए। ऐसे मे कांठोस बेक फुट पर जाकर केवल 8 प्रत्याशियों को जीत दिला सकी है। उल्लेखनीय है कि 35 सदस्यों की देवली पालिका में बोर्ड मे मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए 18 सदस्यों का स्पष्ट बहुमत होना जरूरी है। ऐसे में इस चुनाव के परिणाम में 18 सदस्यों का स्पष्ट बहुमत ना तो भाजपा को हासिल हुआ है। और ना ही कांग्रेस इस बहुमत के करीब पहुंच पाई है। ऐसे में यहां जीते हुऐ 10 निर्दलीय सदस्यों पर दोनों दलों की नजर टिकी हुई है। इसी बीच 16 सितंबर बुधवार को अंतिम दिन होने के साथ ही पालिका अध्यक्ष का नामांकन पत्र दाखिल किया जाना था। ऐसे मे अंतिम दिन पर भाजपा और कांग्रेस ने निर्दलीयों के भरोसे अपनी अपनी ओर से पालिका अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल करवा दिये है। हालांकि भाजपा के पास 17 सदस्य है। भाजपा को वार्ड नंबर 29 से जीत हासिल करने वाले निर्दलीय पार्षद मनवीर मुकेश महावर ने अपना समर्थन चार दिन पहले ही दे दिया था। लेकिन इसी बीच 16 सितंबर बुधवार को अचानक वार्ड नंबर 29 से जीते हुए सदस्य मनवीर मुकेश ने पालिका अध्यक्ष बनने मंशा जताते हुए अपनी ओर से नामांकन दाखिल करने की घोषणा कर दी। इस घोषणा के बाद यहां भाजपा की गणित गणित बिगड़ने लगी और भाजपा सदमे में आ गई थी। ऐसे मे नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में बुधवार को उस समय सियासी हलचल तेज हो गई, जब निर्दलीय सदस्य मुकेश महावर कि ओर से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की घोषणा प्रेस कांफ्रेंस के जरिए सार्वजनिक हो गई। ऐसे मे बाद मुकेश महावर के मैदान में उतरने की घोषणा के बाद पालिका अध्यक्ष पद का चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय होने जा रहा था कि। लेकिन भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की सूझबूझ सरलता से त्रिकोणीय मुकाबला होंने से थम गया। इसके बाद भाजपा के देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने देवली पालीका चुनाव प्रभारी अनमोल तोमर और भाजपा के वरिष्ठ नेता रतन मंगल सुरेश अठावाल विनोद खुटेटा संजय सिंघल इत्यादि कार्यकर्ताओ को मनवीर मुकेश महावर के पास भेजा गया इस दौरान यहां मनवीर मुकेश महावर और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच लगभग 1 घंटे की समझाइए वार्ता चली। इसके बाद निर्दलीय सदस्य मनवीर मुकेश एक ने फिर सभी सदस्यों और कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा को समर्थन देने की सार्वजनिक घोषणा कर दी। इसके बाद देवली चुनाव प्रभारी अनमोल तोमर और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मनवीर मुकेश महावर को पार्टी का दुपट्टा पहनाया।

नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली

निवाई। केरोद मोड़ पर स्थित कृषि महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों से अवगत कराकर एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देना है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में मुख्य अतिथि छात्र कल्याण के सहायक निदेशक डॉ. ओपी मीना ने युवाओं को नशे से दूर रहने स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रामजीलाल मीना ने विद्यार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि युवा अवस्था में नशा करने वाले व्यक्तियों से हमेशा दूर रहें एवं अच्छी संगत के साथियों के साथ ही बैठें। डॉ. कृष्ण अवतार ने युवाओं से अपील की कि नशा करने वाला इंसान चाहे कितनी भी अच्छी पोजीशन पर क्यों नहीं हो, उसका पतन होना पूरी तरह तय है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जोगेन्द्र सिंह, एन.एस.एस. प्रभारी ने भारत में पैर पसार रहे नशे के जाल का आंकड़ों सहित ब्यौरा प्रस्तुत किया और इससे होने वाले भयानक दुष्परिणामों के प्रति युवाओं को सावधान रहने की सलाह दी।

टोंक में सुचारी व्यवस्था बनाने वाले वाहन चालक सम्मानित

टोंक। महानिदेशक पुलिस यातायात राजस्थान जयपुर के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के नेतृत्व में गुरूवार 17 सितम्बर को सड़क परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वाहन चालकों के सम्मान एवं उनके प्रति सम्मानजनक व्यवहार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रिजर्व पुलिस लाइन, टोंक परेड ग्राउंड में ड्राईवर डिगनिटी डे 2026 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना द्वारा उपस्थित वाहन चालकों को इस अवसर पर सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखने, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने तथा रोड रेज और किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कहा गया कि ड्राइविंग पेशे का सम्मान करना सुरक्षित एवं सतत परिवहन व्यवस्था तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर सम्मानित किए गए ड्राइवरों ने भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में अपना योगदान देने का शपथ व संकल्प लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाईन टोंक से रवाना किया गया, रैली के माध्यम से वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों की पालना, सुरक्षित वाहन संचालन तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।


टोंक में जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना की मौजूदगी में वाहन चालकों का सम्मान किया।

- चालकों ने भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया

नाम परिवर्तन

मेरी शैक्षिणक अंकतालिकाओं में मेरा नाम बिना उपनाम के ''सलमा बानो'' दर्ज किया गया है जबकी मेरा वास्तविक और आधिकारिक नाम सलमा बानो मन्सूरी है, जो की सही है। ''सलमा बानो'' और ''सलमा बानो मन्सूरी '' एक ही व्यक्ति हैं। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। निवासी747-बी, काजी का नाला, लुहारो का खुर्रा, घाट गेट, जयपुर

भावभीनी श्रद्धांजलि

हमारी प्रिय सुश्री **खुशबू मित्रा** के आकस्मिक स्वर्गवास पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

श्रद्धावनत- इन्द्र मित्रा (ताऊजी), योगेन्द्र मित्रा (पिताजी), अद्वित, नितिन, निखिल, कविल, पराग एवं समस्त परिवार

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय राजस्थान वक्फ अधिकरण, जयपुर महानगर
D.N. 420
14/09/2026

इस्लाम खां व अन्य विरूद्ध राजस्थान सरकार व अन्य
वाद-पत्र बाबत् :- घोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद-पत्र संख्या:- 64/ सन् 2026

प्रेषित :-

1. फखरून्निसा पत्नि स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 68 वर्ष,
2. मुस्तुफा पुत्र स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 50 वर्ष,
3. संजीदा बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 45 वर्ष,
4. आबिदा बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 42 वर्ष,
5. फेहमिदा बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 40 वर्ष,
6. फरजाना बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 38 वर्ष,
7. तबस्सुम बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 36 वर्ष,
8. नीलोफर बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 34 वर्ष,
9. शबनम बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 32 वर्ष,
10. मुमताज बानो पुत्री स्वर्गीय श्री अब्दुल सईद, आयु 30 वर्ष,

समस्त निवासीगण- मकान नम्बर 4670, जगन्नाथ शाह का रास्ता, हांडीपुरा, चौकड़ी रामचन्द्र जी, जयपुर (राज.)।

वादीगण ने आपके विरूद्ध वाद-पत्र संस्थित किया है जिसकी नकल संलग्न है। आपको इस न्यायालय में तारीख 22/9/2026 को दिन के 10 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर वाद-पत्र का जवाब व वाद-पत्र से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तरे दे सके।

आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन ओर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके लिखित कथन का आधार है न्यायालय में प्रस्तुत करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त बताई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद-पत्र की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह सम्मन आज दिनांक 14/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

न्यायालय की मोहर
आज्ञा से
न्यायाधीश
न्यायालय राजस्थान वक्फ अधिकरण, जयपुर

संकल्प क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि.

कार्यालय ऑफिस 70/45, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर- 302020 (राज.) मो-: 7427886479
ई-मेल : sankalpcredit2024@gmail.com

आम सूचना

संकल्प क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि0 जयपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.10.2026, को प्रातः 11:00 बजे सोसायटी के "शाखा कार्यालय ऑफिस 70/45, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर- 302020 (राज.) पर सोसायटी के सदस्यों की वार्षिक आमसभा आयोजित की जाएगी। सभी सदस्य बैठक में समय पर उपस्थित हो।

स्थान - जयपुर
अध्यक्ष

आम सूचना दिनांक 17.09.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री गोपाल लाल नायक पुत्र श्री कानाराम, उम्र 70 वर्ष, निवासी- ग्राम मुण्डोता, वाया कालवाड पुलिस थाना, कालवाड, जयपुर, राज. अपने पुत्र रोकी नायक, महेन्द्र पुत्रान गोपाल लाल नायक विगत कई समय से मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं हैं तथा आये दिन मेरे अभिभाष्य से लडाई झगडा करते हैं, इस कारण मेरे अभिभाष्य ने सम्पूर्ण रूप से अपने उक्त दोनों पुत्रों को अपनी निजी जिन्दगी व समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है, भविष्य में कोई भी व्यक्ति इनसे किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी, जिसमें मेरे अभिभाष्य का कोई लेना देना नहीं होगा। सूचित रहे।

Vinay Lekhra Advocate Mb. 7976509767

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर

(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांक : एफ ( )/न.नि.ज./मा.न.जोन/2026/3267 दिनांक : 17.09.2026

सार्वजनिक सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर के द्वारा भूखण्ड संख्या 83 योजना सुन्दर नगर, सोसायटी नेशनल गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर का पट्टा विलेख जिसका क्षेत्रफल 588.26 वर्गगज का श्रीमती सुनिता शर्मा पत्नि श्री बी.पी. शर्मा के नाम से दिनांक 15.03.2002 को जारी किया गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण के पत्रांक 586 दिनांक 06.03.2012 के द्वारा भू उपयोग उपान्तरण आवासीय से मिश्रित उपयोग (होटल) स्वीकृत किया गया है। मूल आवंटी श्रीमती सुनिता शर्मा पत्नि श्री बी.पी. शर्मा के द्वारा रजिस्टर्ड वसियत नामा दिनांक 19.11.2021 को श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री बी.पी. शर्मा के हक में निष्पादित कि गई है। श्रीमती सुनिता शर्मा पत्नि श्री बी.पी. शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 31.12.2021 को हो गयी है। आवेदक एस.एस. इन्वेस्टमेन्ट्स अधिकृत सहभागी श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री बी.पी. शर्मा के द्वारा दस्तावेजों, शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), रजिस्टर्ड पट्टा, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं रजिस्टर्ड वसियत नामा एवं अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति के आधार पर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। नगर निगम जयपुर के द्वारा भूखण्ड संख्या 83 योजना सुन्दर नगर, सोसायटी नेशनल गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर एस.एस. इन्वेस्टमेन्ट्स अधिकृत सहभागी श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री बी.पी. शर्मा के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम जयपुर) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

उत्तर पश्चिम रेलवे

यांत्रिक कार्य के लिए ई निविदा
वर्ष 2026-27

NIT No.: 23/2026-27-CW, **कार्य का नाम स्थान अवधि:** Design, Supply, installation & Commissioning of Store with racking system, **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 3,59,26,032.80/-, **बयाना राशि जो कि जमा करानी है:** ₹ 7,18,600/-, **टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक:** 15:00 बजे, दिनांक 28.09.2026 तक through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्प. चात् खोली जायेगी। वेबसाईट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्णजानकारी देखी जा सके। **http://www.ireps.in** कैववेसूचनापट्टपर, **NOTE:** The offer can only be accepted through E-Tendering on the website of https://www.ireps.gov.in/, Offer in any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on IREPS portal. Only registered tenderer/bidders can participate on e-Tendering, All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering

1344-DO/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा

ई-टेण्डर नोटिस नं० एसएनटी-जेपी-27R-2025-26 दिनांक-16/09/2026

मंडल रेल प्रबंधक/सं० एवं दू० सं०, उ० प० रे० जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम व लोकेशन:** जयपुर डिवीजन के जयपुर स्टेशन पर टीएमसी स्टाफ के लिए ट्रांजिट आवास और ट्रैक मशीन स्टाफ के लिए सहायक कामों सहित सुविधा प्रदान करने के संबंध में टेलीकॉम का काम और बनस्थली निवाई और सीकर स्टेशनों आरपीएफ बैरक का निर्माण। **अनुमानित लागत:** रूपये ₹ 4304757.86/-, **धरोहर राशि रूपये:** रूपये ₹ 86100.00/-, **वेबसाईट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय:** 08.10.2026 समय 15:00 बजे तक। **वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं०रे०प्र० कार्यालय, पावर हाउस रोड़ जयपुर। **री-टेंडर में भाग लेने से प्रतिबंधित फर्म:** मेटलसम कैप्टेन एल एल पी – नई दिल्ली

1343-DO/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के

(ओ.21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अति. सिविल जज (क.ख) मुकाम उत्तर जयपुर महानगर द्वितीय

बाबूलाल व अन्य बनाम प्रभुनारायण
मुकद्दमा नं. 46 सन् 2022

बनाम
मुसम्मी प्रभुनारायण वल्द भौरीलाल कौम... साकिन मं.न. 908, चौकडी मोदीखाना रास्ता नाटिणियान जयपुर चूंकि डिक्रीदार ने डिग्री अदालत ADJ-7 जयपुर मवर्खे... व मुकद्दमें नं. 122 सन् 2023 की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में उक्त वार शुक्रवार तारीख 30 माह 10 सन् 2026 को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करो।

आज व तारीख 16 माह 09 सन् 2026 व शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया।

मोहर अदालत
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर जयपुर महानगर द्वितीय

शपथ-पत्र

मैं मीना देवी पत्नी स्व. श्री झामन दास जाति सिंधी निवासी- 1059, डी.सी.एम, अजमेर रोड, संजय नगर, जयपुर, राजस्थान 302021 की सशपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि - (1) यह कि मैं उक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। (2) यह कि मेरे पति स्व. श्री झामन दास पुत्र श्री आसुमल का स्वर्गवास दिनांक 09. 03.2017 को हो गया था। (3) यह कि हमारे परिवार में निम्न उत्तराधिकारी, वारिसान है इनके अलावा कोई वारिसान या उत्तराधिकारी नही है।

सजरा खानदान
झामन दास (फोत)

मीना देवी (पत्नी)
महेन्द्र कुमार (पुत्र)
मनोज कुमार (पुत्र)
नीलम बादलानी (पुत्री)

(4) उक्त वर्णित वारिसान के अलावा अन्य कोई वारिस नही है, यदि कोई भविष्य में वारिस होने का दावा करता है तो मैं स्वयं जिम्मेदार होगी।

मीना
हस्ताक्षर शपथ ग्रहिता

न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट दक्षिण जयपुर महानगर प्रथम जयपुर

संदीप अग्रवाल व अन्य बनाम मैसर्स मामूज कैफे व अन्य
मु.नं.114/26
प्रतिनिधित्व वाद (नोटिस अन्तर्गत आदेश -1 नियम-8 सीपीसी)

वादीगण ने मैसर्स मामूज कैफे सुशील चन्द जोशी जरिये प्रोपराईटर मामूज कैफे, निवासी सी-43, डोली हाऊस के पास, माहवीर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर के संदर्भ में वादीगण ने एक प्रतिनिधित्व वाद प्रस्तुत किया है जिस कारण सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति उक्त वाद में पक्षकार बनना चाहता है तो वह पेशी 18/5/26 को प्रातः 80 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर पक्षकार के रूप में संयोजित हो सकते है भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आदेश आज दिनांक 3/9/26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की की मुद्रा से जारी किया गया है।

मोहर
प्रस्तुतकार
न्यायालय महानगर मजिस्ट्रेट दक्षिण जयपुर महानगर प्रथम जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई- निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है।, **क्र.सं.:- 1., निविदा संख्या / कार्य का नाम:-** निविदा स०-ईजी. जेपी-2026-27- 92, वरि. मंडल इंजी./उत्तर/जयपुर के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक की सुरक्षा के लिए 'सर्दी और गर्मी के मौसम' में पेट्रोलिंग के दौरान पेट्रोलमैन को सहायक उपलब्ध कराना।, **अनुमानित लागत:-** 20663136.00/-, **बिड प्रतिभूति राशि:-** 413300.00/- **क्र.सं.:- 2., निविदा संख्या / कार्य का नाम:-** निविदा स०-इजी. जेपी-2026-27-104, ADEN-सीकर सेक्शन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न RUBs/LHSs पर कवर शेड, संप (sump), रिटेनिंग वॉल का विस्तार और ऊंचाई बढ़ाना, जोड़ों की सीलिंग, सड़क की सतह बनाने आदि और अन्य सुधार संबंधी कार्य।, **अनुमानित लागत:-** 190819182.13/-, **बिड प्रतिभूति राशि:-** 3816400.00/- **क्र.सं.:- 3., निविदा संख्या / कार्य का नाम:-** निविदा स०-इजी. जेपी-2026-27- 105, ADEN-RGS सेक्शन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न RUB/LHS पर कवर शेड, संप (sump), रिटेनिंग वॉल का विस्तार और ऊंचाई बढ़ाना, जोड़ों की सीलिंग, सड़क की सतह बनाने आदि और सुधार से संबंधित अन्य कार्य।, **अनुमानित लागत:-** 394925659.25/-, **बिड प्रतिभूति राशि:-** 7898500.00/-, **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड – मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा संख्या **इंजी./जेपी/2026-27-92** की बन्द होने की तिथि 05.10.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथी 05.10.2026 समय 16.00 बजे। निविदा संख्या **इंजी./जेपी/ 2026-27-104व105** की बन्द होने की तिथि-07.10.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथी 07.10.2026 समय 16.00 बजे।

1340-DO/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालयः जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी करौली (राज.)

क्रमांक :-जिसासशिअ/करौली/2026-27/50 दिनांक: 16.09.2026

निविदा आमन्त्रण सूचना का विस्तृत विवरण
पंजीकरण फॉर्म व प्रश्न उत्तर पुस्तिका मुद्रण-02/2026-27

1.	कार्य का नाम	लनर्स पंजीकरण फॉर्म (एक तरफ) व प्रश्न उत्तर पुस्तिका मय लिफाफा मुद्रण करना (12 पेज)
2.	निविदा संख्या एवं दिनांक	02/2026-27 दिनांक- 16.09.2026
3.	निविदा का प्रकार	खुली प्रतियोगी बोली
4.	निविदा की अनुमानित लागत	राशि रू. 240000 रू.
5.	सम्पूर्ण सामग्री की लागत	5रू. अधिकतम
6.	बोली प्रक्रिया	द्विप्रक्रमी प्रक्रियाः दो-भाग (तकनीकी एवं वित्तीय) खुली प्रतिस्पर्धातम बोली
7.	बोली मूल्यांकन मानदंड	तकनीकी अहर्ताधारी, न्यूनतम निविदा दर एवं उच्चतम गुणवता वाली फम को कार्यदेश जारी किया जायेगा।
8.	बोली प्रतिभूति राशि	2 प्रतिशत की अमानत राशि (4800) या MSME की दशा में 0.5 प्रतिशत अमानत राशि (1200) का डी.डी. (जिला साक्षरता समिति, करौली) के नाम य खाता संख्या 51087733798 आई.एफ.एस.सी कोड:-SBIN0004191
9.	प्रक्रिया शुल्क	राशि रू. 500/- रूपये ईग्रास पर चालान की माध्यम से बजट मद 0075-00-800-52-01 में जमा कराना होगा।
10.	निविदा शुल्क	राशि रू. 500/- रूपये या ईग्रास पर चालान के माध्यम से बजट मद 0075-00-800-52-01 में जमा कराना होगा।
11.	ऑनलाईन निविदा फार्म डाउनलोड करके भर कर कार्यालय में जमा व सैम्पल जमा करने की दिनांक	दिनांक 17.09.2026 से दिनांक 22.09.2026 प्रात: 11.00 बजे तक sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड
12.	तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक व समय	दिनांक 22.09.2026 दोपहर 12.00 बजे बाद
13.	वित्तीय बिड खोलने की तिथि	तकनीकी निविदा खोलने के पश्चात
14.	निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी, करौली
15.	निविदा की वैद्यता	वित्तीय वर्ष 2026-27
16.	निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी	जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी, करौली
	सम्पर्क	दूरभाष:- 9460778143

विशेष नोट:-

1. निविदादाता को अपनी तकनीकी एवं वित्तीय बोली मय समस्त आवश्यक दस्तावेज http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड कर के ऑफलाइन के रूप में प्रस्तुत करनी होगी। बोली प्रतिभूति राशि, बोली प्रोसेसिंग शुल्क जमा के चालान निर्धारित दिनांक समय एवं स्थान पर जमा करने होगें।
2. तकनीकी निविदा के साथ प्रक्रिया शुल्क एवं बोली प्रतिभुति राशि के अभाव में निविदा किसी भी हालत में स्वीकार नही होगी तथा उक्त समस्त राशि जमा होने का सत्यापन तकनीकि बोली खुलते समय किया जावेगा/
3. किसी भी तकनीकी/ अन्य कारण यथा हेवी ट्रेफिक लोड से वेबसाइट अवरूद्ध होने अथवा इसकी स्लो स्पीड के कारण निर्धारित आखिरी दिनांक एवं समय पर ऑनलाइन निविदा सबमिट करने में असफलता/देरी के लिये यह विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। अत: आखिरी दिनांक समय पर हो सकने वाली किसी भी समस्या से बचने के लिये निविदादाता निर्धारित आखिरी दिनांक एवं समय से पूर्व निविदा सबमिट करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित कर लेवें।
4. इस बोली/ निविदा के माध्यम से खरीद के लिये RTPP अधिनियम 2012 और RTPP अधिनियम 2013 के समस्त प्रावधान लागू होंगे।
5. सम्पूर्ण बोली/ निविदा या उसके किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार उपापन समिति को होगा।

जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी
करौली